आः तू चाहे ले चल कहीं, तुझ पे है मुझको यकीं - २
रः ओ ..., जान भी तू है दिल भी तू ही
आः आ ..., राह भी तू मंज़िल भी तू ही
दोनोः और तू ही आस का तारा, ओ ओ ओ ओ
मांग के साथ तुम्हारा ...

रः **arrrrrrrrrrrr, he, he, he (typical horse-maneuvring sounds)**

ज़रा देखन दे, देखन दे, कौन दिसा . . .

ITRANS Song Book: 195.s

film: Nau Do Gyarah (1957) singer: Kishore, Asha
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: S.D. Burman

आँखों में क्या जी
रुपहला बादल
बादल में क्या जी
किसी का आँचल
आँचल में क्या जी
अजब सी हलचल

रंगीं है मौसम
तेरे दम की बहार है
फिर भी है कुछ कम
बस तेरा इंतज़ार है
देखने में भोले हो
पर हो बड़े चंचल
आँखों में क्या जी . . .

झुकती हैं पलकें
झुकने दो और झूम के
उड़ती हैं ज़ुल्फें
उड़ने दो होंठ चूम के
देखने में . . .

झूमें लहराएं
नयना मिल जाये नैन से
साथी बन जाएं
रस्ता कट जाये चैन से
देखने में . . .

ITRANS Song Book: 196.s

film: Hum Dono singer: Rafi lyrics: Sahir music: Jaidev

कभी ख़ुद पे, कभी हालात पे रोना आया
बात निकली, तो हर इक बात पे रोना आया

हम तो समझे थे कि हम भूल गए हैं उनको
क्या हुआ आज, ये किस बात पे रोना आया

किस लिये जीते हैं हम किसके लिये जीते हैं
बारहा ऐसे सवालात पे रोना आया

कौन रोता है किसी और की ख़ातिर ऐ दोस्त
सबको अपनी ही किसी बात पे रोना आया

ITRANS Song Book: 197.s

film: Chaudavi Ka Chaand singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Ravi

मिली ख़ाक में मुहब्बत, जला दिल का आशियाना
जो थी आज तक हक़ीक़त, वही बन गई फ़साना

ये बहार कैसी आई, जो फ़िज़ां भी साथ लाई
मैं कहाँ रहूँ चमन में, मेरा लुट गया ठिकाना

मुझे रास्ता दिखाकर, मेरे कारवां को लूटा
इधर आ गले लगा लूँ, तुझे गरदिश-ए-ज़माना

ITRANS Song Book: 198.s

film: Naya Daur singer: Rafi, Asha
lyrics: Sahir music: O.P. Nayyar

आ: मांग के साथ तुम्हारा मैंने, मांग लिया संसार - २
र: मांग के साथ तुम्हारा मैंने, मांग लिया संसार
मांग के साथ तुम्हारा

र: ओ . . .
आ: आ . . .

आ: दिल कहे दिलदार मिला, हम कहें हमें प्यार मिला - २
र: प्यार मिला हमें यार मिला, एक नया संसार मिला - २
आ: आ . . ., आस मिली अरमान मिला
र: ओ . . ., जीने का सामान मिला
दोनो: मिल गया एक सहारा, ओ ओ ओ ओ
मांग के साथ तुम्हारा . . .

र: दिल जवां और रुत हंसीं, चल यूँही चल दें कहीं - २

कैसे न जाऊँ मैं मुझको बुलाता है कोई
या टूटे दिल को जोड़ दो या सारे बंधन तोड़ दो
ऐ पर्बत रस्ता दे मुझे ऐ काँटे दामन छोड़ दो
ये दुनिया . . .

ITRANS Song Book: 192.s

film: Mausam singer: Bhupinder (solo), Bhupinder+Lata (duet)
lyrics: Gulzar music: Madan Mohan

दिल ढूँढता है फिर वही फ़ुरसत के रात दिन - (२)
बैठे रहे तसव्वुर-ए-जानाँ किये हुए
दिल ढूँढता है फिर वही फ़ुरसत के रात दिन . . .

जाड़ों की नर्म धूप और आँगन में लेट कर - (२)
आँखों पे खींचकर तेरे आँचल के साए को
औंधे पड़े रहे कभी करवट लिये हुए
दिल ढूँढता है फिर वही फ़ुरसत के रात दिन . . .

या गरमियों की रात जो पुरवाईयाँ चलें - (२)
ठंडी सफ़ेद चादरों पे जागें देर तक
तारों को देखते रहें छत पर पड़े हुए
दिल ढूँढता है फिर वही फ़ुरसत के रात दिन . . .

बर्फ़ीली सर्दियों में किसी भी पहाड़ पर - (२)
वादी में गूँजती हुई खामोशियाँ सुनें
आँखों में भीगे भीगे से लम्हे लिये हुए
दिल ढूँढता है फिर वही फ़ुरसत के रात दिन . . .

ITRANS Song Book: 193.s

film: Mere Apne singer: Kishore
lyrics: Gulzar music: Salil Chowdhury

कोई होता जिसको अपना
हम अपना कह लेते यारों
पास नहीं तो दूर ही होता
लेकिन कोई मेरा अपना

आँखों में नींद न होती
आंसू ही तैरते रहते
ख़्वाबों में जागते हम रात भर
कोई तो ग़म अपनाता
कोई तो साथी होता
कोई होता जिसको अपना . . .

भूला हुआ कोई वादा
बीती हुई कुछ यादें
तनहाई दोहराती है रात भर
कोई दिलासा होता
कोई तो अपना होता
कोई होता जिसको अपना . . .

ITRANS Song Book: 194.s

कौन दिसा में लेके चला रे बटुहिया - (३)
ठहर ठहर, ये सुहानी सी डगर
ज़रा देखन दे, देखन दे
मन भरमाये नयना बाँधे ये डगरिया - (२)
कहीं गए जो ठहर, दिन जायेगा गुज़र
गाडी हाँकन दे, हाँकन दे, कौन दिसा . . .

पहली बार हम निकले हैं घर से, किसी अंजाने के संग हो
अंजाना से पहचान बढ़ेगी तो महक उठेगा तोरा अंग हो
महक से तू कहीं बहक न जाना - (२)
न करना मोहे तंग हो, तंग करने का तोसे नाता है गुज़रिया - (२)
हे, ठहर ठहर, ये सुहानी सी डगर
ज़रा देखन दे, देखन दे, कौन दिसा . . .

कितनी दूर अभी कितनी दूर है, ऐ चंदन तोरा गाँव हो
कितना अपना लगने लगे जब कोई बुलाये नाम हो
नाम न लेतो क्या कहके बुलायें - (२)
कैसे करायें काम हो, साथी मितवा या अनाड़ी कहो गोरिया - (२)
कहीं गये जो ठहर, दिन जायेगा गुज़र
गाड़ी हाँकन दे, हाँकन दे, कौन दिसा . . .

ऐ गुंजा, उस दिन तेरी सखियाँ, करती थीं क्या बात हो?
कहतीं थीं तोरे साथ चलन को तो, आगे हम तोरे साथ हो
साथ अधूरा तब तक जब तक - (२)
पूरे ना हो फ़ेरे साथ हो, अब ही तो हमारी है बाली रे उमरिया - (२)
ठहर ठहर, ये सुहानी सी डगर

film: Hindustan ki Qasam singer: Manna Dey
lyrics: Kaifi Azmi music: Madan Mohan

हर तरफ़ अब यही अफ़साने हैं
हम तेरी आँखों के दीवानें हैं
हर तरफ़...

इतनी सच्चाई है इन आँखों में
खोटे सिक्के भी खरे हो जायें
तू कभी प्यार से देखे जो उधर
सूखे जंगल भी हरे हो जायें
बाग बन जाए, बाग बन जाए जो वीरानें हैं
हम तेरी आँखों के दीवाने हैं
हर तरफ़...

एक हल्का सा इशारा इनका
कभी दिल और कभी जाँ लूटेगा
किस तरह प्यास बुझेगी उसकी
किस तरह उसका नशा टूटेगा
जिसकी क़िस्मत में, जिसकी क़िस्मत में ये पैमानें हैं
हम तेरी आँखों के दीवानें हैं
हर तरफ़...

नीची नज़रों में हैं कितना जादू
हो गए पल में कई ख्वाब जवाँ
कभी उठने कभी झुकने की अदा
ले चली जाने किधर जाने कहाँ
रास्ते प्यार के, रास्ते प्यार के अंजाने हैं
हम तेरी आँखों के दीवानें हैं - (२)
हर तरफ़...

film: Jewel Thief singer: Lata
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

होंठों में ऐसी बात मैं दबाके चली आई
खुल जाये वोही बात तो दुहाई है दुहाई
हाँ रे हाँ, बात जिसमें, प्यार तो है, ज़हर भी है, हाय
होंठों में...
हो शालू...
रात काली नागन सी हुई है जवां
हाय दय्या किसको डँसेगा ये समा
जो देखूं पीछे मुड़के
तो पग में पायल तड़पे
आगे चलूँ तो धड़कती है सारी अंगनाई
होंठों में...

हो शालू...
ऐसे मेरा ज्वाला सा तन लहराये
लट कहीं जाए घूंघट कहीं जाये
अरे अब झुमका टूटे
के मेरी बिंदिया छूटे
अब तो बनके क़यामत लेती हूँ अंगड़ाई
होंठों में...

film: Heer Raanjha singer: Rafi, Lata
lyrics: Kaifi Azmi music: Madan Mohan

ये दुनिया ये महफ़िल
मेरे काम की नहीं - (२)

किसको सुनाऊँ हाल-ए-दिल बेक़रार का
बुझता हुआ चराग़ हूँ अपने मज़ार का
ऐ काश भूल जाऊँ मगर भूलता नहीं
किस धूम से उठा था जनाज़ा बहार का
ये दुनिया...

अपना पता मिले न खबर यार की मिले
दुश्मन को भी ना ऐसी सज़ा प्यार की मिले
उनको खुदा मिले है खुदा की जिन्हे तलाश
मुझको बस इक झलक मेरे दिलदार की मिले
ये दुनिया...

सहरा में आके भी मुझको ठिकाना न मिला
ग़म को भूलाने का मुझको बहाना न मिला
दिल तरसे जिस में प्यार को क्या समझूँ उस संसार को
इक जीती बाज़ी हारके मैं ढूँढूँ बिछड़े यार को
ये दुनिया...

दूर निगाहों से आँसू बहाता है कोई

चंचल हैं दोनों सखियाँ
ढलती रहेंगी ??????
पलकों की प्यारी ???????
शरमा के देंगी तोहे
मदिरा के प्याले
नैनों में . . .

प्रेम दीवानी हूँ में
सपनों की रानी हूँ मैं
पिछले जनम से तेरी
प्रेम कहानी हूँ मैं
आ इस जनम में भी तू
अपना बना ले
नैनों में . . .

ITRANS Song Book: 186.s

film: Mere Sanam singer: Asha
lyrics: Majrooh music: O.P. Nayyar

जाइये आप कहाँ जायेंगे
ये नज़र लौट के फ़िर आयेगी
दूर तक आप के पीछे पीछे
मेरी आवाज़ चली आयेगी
जाइये . . .

आपको प्यार मेरा याद जहाँ आयेगा
कोई काँटा वोही दामन से लिपट जायेगा - (२)
जाइये . . .

जब उठोगे मेरी बेताब निगाहों की तरह
रोक लेंगी कोई डाली मेरी बाहों की तरह - (२)
जाइये . . .

देखिये चैन मिलेगा न कहीं दिल के सिवा
आपका कोई नहीं, कोई नहीं दिल के सिवा - (२)
जाइये . . .

ITRANS Song Book: 187.s

film: Seema singer: Sharda, Mohammad Rafi
lyrics: music: Gulzar

जब भी ये दिल उदास होता है
जाने कौन आस पास होता है
जब भी ये . . .

होंठ चुप चाप बोलते हो जब
साँस कुछ तेज़ तेज़ चलती हो
आँखें जब दे रही हों आवाज़ें
ठंडी आहों में साँस जलती हो - (२)
जब भी ये . . .

आँखों में तैरती है तस्वीरें
तेरा चेहरा तेरा खयाल लिये
आइना देखता है जब मुझको
एक मासूम सा सवाल लिये - (२)
जब भी ये . . .

कोई वादा नहीं किया लेकिन
क्यूँ तेरा इंतज़ार रहता है
बेवजह जब करार मिल जये
दिल बड़ा बेकरार रहता है
जब भी ये . . .

ITRANS Song Book: 188.s

film: Kaagaz Ke Phool singer: Geeta Dutt
lyrics: Kaifi Azmi music: S.D. Burman

वक़्त ने किया क्या हंसीं सितम
तुम रहे न तुम हम रहे न हम
वक़्त ने किया . . .

बेक़रार दिल इस तरह मिले
जिस तरह कभी हम जुदा न थे
तुम भी खो गए, हम भी खो गए
एक राह पर चलके दो क़दम
वक़्त ने किया . . .

जाएंगे कहाँ पूछता नहीं
चल पड़े मगर रास्ता नहीं
क्या तलाश है कुछ पता नहीं
बुन रहे हैं दिल ख़्वाब दम-ब-दम
वक़्त ने किया . . .

ज़िंदगी धूप तुम घना साया . . .

तुम चले जाओगे तो सोचेंगे - (२)
हमने क्या खोया, हमने क्या पाया
ज़िंदगी धूप तुम घना साया . . .

हम जिसे गुनगुना नहीं सकते - (२)
वक़्त ने ऐसा गीत क्यूँ गाया
ज़िंदगी धूप तुम घना साया . . .

ITRANS Song Book: 182.s

film: Arth singer: Jagjit Singh
lyrics: Kaifi Azmi ? music: Jagjit Singh

तुम इतना जो मुस्कुरा रहे हो
क्या ग़म है जिसको छुपा रहे हो
तुम इतना . . .

आँखों में नमी हँसी लबों पर
क्या हाल है क्या दिखा रहे हो
क्या ग़म है . . .

बन जायेंगे ज़हर पीते पीते - (२)
ये अश्क़ जो पीते जा रहे हो
क्या ग़म है . . .

रेखाओं का खेल है मुक़द्दर - (२)
रेखाओं से मात खा रहे हो
क्या ग़म है . . .

ITRANS Song Book: 183.s

film: Bawarchi singer: Manna Dey
lyrics: Kaifi Azmi music: Madan Mohan

तुम बिन जीवन कैसा जीवन
फूल खिले तो दिल मुरझाए
आग लगे जब बरसे सावन
तुम बिन जीवन . . .

रूठे तुम जबसे पिया
रूठे तुम जबसे
सूना सा है मन का ढेरा
बैरी है दुनिया
बाँटे कोई क्यूँ दुख मेरा
अपने आँसू अपना ही दामन
तुम बिन जीवन . . .

कैसे दिल बहले
हँसना चाहूँ रोना आये
ढूँढा जग सारा - (२)
कुछ न सूझे कुछ न भाये
तोड़ गए तुम मन का दर्पन
तुम बिन जीवन . . .

ITRANS Song Book: 184.s

film: Ham Dono singer: Rafi
lyrics: Sahir Ludhianvi music: Jaidev

मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया
हर फ़िक्र को धुँएं में उड़ाता चला गया

बरबादियों का सोग़ मनाना फ़िज़ूल था - २
बरबादियों का जश्न मनाता चला गया
मैं ज़िंदगी . . .

जो मिल गया उसी को मुक़द्दर समझ लिया - २
जो खो गया मैं उसको भुलाता चला गया
मैं ज़िंदगी . . .

ग़म और खुशी में फ़र्क न महसूस हो जहाँ - २
मैं दिल को उस मुक़ाम पे लाता चला गया
मैं ज़िंदगी . . .

ITRANS Song Book: 185.s

film: Mera Saaya singer: Lata
lyrics: Raja Mehdi Ali Khan music: Madan Mohan

नैनों में बदरा छाए, बिजली सी चमके हाए
ऐसे में बलम मोहे, गरवा लगा ले
नैनों में . . .

मदिरा में डूबी अँखियाँ

film: Teen Devian singer: Kishore Kumar
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

ख़्वाब हो तुम या कोई हक़ीक़त
कौन हो तुम बतलाओ
देर से कितनी दूर खड़ी हो
और करीब आ जाओ

सुबह पे जिस तरह, शाम का हो गुमार - (२)
ज़ुल्फ़ों में एक चेहरा, कुछ ज़ाहिर कुछ निहार

धड़कनों ने सुनी, एक सदा पाओं की - (२)
और दिल पे लहराई, आँचल की छाओं सी

मिल ही जाती हो तुम, मुझको हर मोड़ पे - (२)
चल देती हो कितने, अफ़साने छोड़ के

फिर पुकारो मुझे, फिर मेरा नाम लो - (२)
गिरता हूँ फिर अपनी, बाहों में थाम लो

film: Rajkumar singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

इस रंग बदलती दुनिया में
इनसान की नीयत ठीक नहीं
निकला न करो तुम सज-धजकर
ईमान की नीयत ठीक नहीं, इस...

ये दिल है बड़ा ही दीवाना
छेड़ा न करो इस पागल को
तुम से न शरारत कर बैठे
नादान की नीयत ठीक नहीं, इस...

काँधे से हटा लो सर अपना
ये प्यार मुहब्बत रहने दो
कश्ती को सम्भालो मौजों में
तूफ़ान की नीयत ठीक नहीं, इस...

मैं कैसे ख़ुदा हाफ़िज़ कह दूँ
मुझको तो किसी का यकीन नहीं
छुप जाओ हमारी आँखों में
भगवान की नीयत ठीक नहीं, इस...

film: Aandhi singer: Lata, Kishore
lyrics: Gulzar music: R.D. Burman

ल: इस मोड़ से जाते हैं - (२)
कुछ सुस्त क़दम रस्ते कुछ तेज़ क़दम राहें - (२)
कि: पत्थर की हवेली को शीशे के घरौंदों में
तिनकों के नशेमन तक इस मोड़ से जाते हैं

ल: आँधी की तरह उड़कर इक राह गुज़रती है - (२)
शरमाती हुई कोई क़दमों से उतरती है
इन रेशमी राहों में इक राह तो वो होगी
तुम तक जो पहुंचती है इस मोड़ से जाती है
इस मोड़ से जाते हैं...

कि: इक दूर से आती है पास आके पलटती है - (२)
इक राह अकेली सी रुकती है न चलती है
ल: ये सोचके बैठी हूँ इक राह तो वो होगी
तुम तक जो पहुंचती है इस मोड़ से जाते हैं

इस मोड़ से जाते हैं
कुछ सुस्त क़दम रस्ते कुछ तेज़ क़दम राहें
कि: पत्थर की हवेली को शीशे के घरोंदों में
तिनकों के नशेमन तक इस मोड़ से जाते हैं
ल: इस मोड़ से जाते हैं

film: Saath Saath singer: Jagjit Singh
lyrics: Javed Akhtar music: Kuldeep Singh

तुमको देखा तो ये ख़याल आया
ज़िंदगी धूप तुम घना साया
तुमको...

आज फिर दिलने एक तमन्ना की - (२)
आज फिर दिलको हमने समझाया

मन से मन का दीप जलाना मुझे नहीं आता है
बस पूजा की ज्योत जलाना मुझे यही भाता है
चल सन्यासी मंदिर में, मेरा रूप और तेरी जवानी
मिलकर ज्योती जलायेंगे, क्यों हम जायें मंदिर में
पाप है तेरे अंदर में
धर्म छोड़कर, ध्यान छोड़कर पाप नहीं अपनाएंगे
प्रेम है पूजा प्रेम है पूजन प्रेम जगत है प्रेम ही जीवन
मत कर तू अपमान प्रेम का
प्रेम है नाम प्रभू का बड़ा ही पावन
प्रेम-प्रेम कर के मुझको कर देगी अब तू पागल
मेरा धीरज डोल रहा है, लाज रखे गंगा जल
चल सन्यासी मंदिर में, तेरी माला, मेरा गजरा
गंगा साथ नहायेंगे

रफ़्ता रफ़्ता वो मेरे हस्ती का सामां हो गए
पहले जां, फिर जान-ए-जां
फिर जान-ए-जाना हो गए
रफ़्ता . . .

दिन-ब-दिन बढ़ती गई, उस हुस्न की रानाइयां
पहले गुल, फिर गुलबदन, फिर गुलबदाना हो गए
रफ़्ता . . .

आप तो नज़दीक से, नज़दीकतर आते गए
पहले दिल, फिर दिलरुबा, फिर दिल के महमां हो गए
रफ़्ता . . .

प्यार जब हद से बढ़ा, सारे तकल्लुफ़ मिट गए
आप से फिर तुम हुए, फिर तू का उनवा हो गए
रफ़्ता . . .

film: Imtehaan singer: Kishore
lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal

रुक जाना नहीं तू कहीं हार के
काँटों पे चलके मिलेंगे साये बहार के
ओ राही, ओ राही . . .

साथी न कारवां है ये तेरा इम्तिहां है
यूँ ही चला चल दिल के सहारे
करती है मंज़िल तुझको इशारे
देख कहीं कोई रोक न ले तुझको पुकार के
ओ राही, ओ राही . . .

नैना आँसू जो भरे हैं ये राहों के दिये हैं
लोगों को उनका सब कुछ देके
तू तो चला था सपने ही लेके
कोई नहीं तो तेरे अपने हैं सपने ये प्यार के
ओ राही, ओ राही . . .

सूरज ये रुक गया है तेरे आगे झुक गया है
जब कभी ऐसे कोई मस्ताना
निकले है अपनी धुन में दीवाना
शाम सुहानी बन जाती हैं दिन इंतज़ार के
ओ राही, ओ राही . . .

film: Manchali singer: Kishore, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

ग़म का फ़साना बन गया अच्छा
एक बहाना बन गया अच्छा
सरकार ने आके मेरा हाल तो पूछा
ग़म का . . .

तुम्हारे ख़यालों में खो जायें
ये जी चाहता है की सो जायें
देखो बातों-बातों में चाँदनी रातों में
ख़्वाब सुहाना बन गया अच्छा . . .

बतायें तुम्हें क्या कहाँ दर्द है
यहाँ हाथ रखना यहाँ दर्द है
देखो बातों बातों में दो ही मुलाकातों में
दिल ये निशाना बन गया अच्छा . . .

मुहब्बत की रंगीन महफ़िल में
जगह मिल गई आपके दिल में
देखो बातों-बातों में प्यार की बरातों में
अपना ठिकाना बन गया अच्छा . . .

अगर बेवफ़ा, तुमको पहचान जाते
ख़ुदा की क़सम हम मुहब्बत न करते
जो मालूम होता, ये इलज़ाम-ए-उलफ़त
तो दिल को लगाने की जुर्रत न करते

जिन्हें तुमने समझा मेरी बेवफ़ाई
मेरी ज़िन्दगी की वो मजबूरियाँ थीं
हमारी मुहब्बत इक इम्तिहां थी
ये दो दिन की थोड़ी सी जो दूरियाँ थीं
अगर सच्ची होती मुहब्बत हमारी
तो घबरा के तुम यूँ शिकायत न करते

जो हम पर है गुज़री हमीं जानते हैं
सितम कौन सा है नहीं जो उठाया
निगाहों में फिर भी रही तेरी सूरत
हर एक सांस में तेरा पैगाम आया
अगर जानते तुम ही इलज़ाम दोगे
तो भूले से भी हम तो उलफ़त न करते

ITRANS Song Book: 172.s

film: singer: Rafi lyrics: music:

मतलब निकल गया है तो, पहचानते नहीं
यूँ जा रहे हैं जैसे हमें, जानते नहीं

अपनी गरज थी जब तो लिपटना क़बूल था
बाहों के दायरे में सिमटना क़बूल था
अब हम मना रहे हैं मगर मानते नहीं

हमने तुम्हें पसंद किया, क्या बुरा किया
रतबा ही कुछ बुलंद किया क्या बुरा किया
हर इक गली की ख़ाक तो हम छानते नहीं

मुँह फ़ेर कर न जाओ हमारे क़रीब से
मिलता है कोई चाहने वाला नसीब से
इस तरह आशिकों पे कमान तानते नहीं

ITRANS Song Book: 173.s

film: singer: Rafi lyrics: music:

मेरे दुश्मन तू मेरी दोस्ती को तरसे
मुझे ग़म देने वाले तू ख़ुशी को तरसे

तू फूल बने पतझड़ का, तुझ पे बहार न आए कभी
मेरी ही तरह तू तड़पे तुझको क़रार न आए कभी
जिये तू इस तरह की ज़िंदगी को तरसे

इतना तो असर कर जाएं मेरी वफ़ाएं ओ बेवफ़ा
जब तुझे याद आएं अपनी जफ़ाएं ओ बेवफ़ा
पशेमान होके रोए, तू हंसी को तरसे

तेरे गुलशन से ज़्यादा वीरान कोई वीराना न हो
इस दुनिया में तेरा जो अपना तो क्या, बेगाना न हो
किसी का प्यार क्या तू बेरुख़ी को तरसे

ITRANS Song Book: 174.s

film: Swami (?) singer: Lata, Kishore
lyrics: Vishveshvar Sharma music: Shankar, Jaikishan

चल सन्यासी मंदिर में, तेरा चिमटा मेरी चूड़ियाँ
दोनों साथ बजाएंगे, साथ-साथ खनकाएंगे
क्यूँ हम जायें मंदिर में, पाप है तेरे अंदर में
लेकर माला कंठ दुशाला राम नाम गुन गायेंगे
रेशम सा ये रूप सलोना यौवन है या तपता सोना
ये तेरी मोहन सी सूरत कर गई मुझपे हाए जादू-टोना
कैसा जादू-टोना, सारी मन की ये माया है
तुम पे देवी किसी रोग की पड़ी विकट छाया है
चल सन्यासी मंदिर में, तेरा कमंडल मेरी गगरिया
साथ-साथ छलकायेंगे, क्यूँ हम जायें मंदिर में
पाप है तेरे अंदर में
हम तो जोगी राम के रोगी धूनी अलग रमाएंगे
जागे-जागे सो जाती हूँ और सपनों में खो जाती हूँ
तब तू मेरा हो जाता है और पिया मैं तेरी हो जाती हूँ
सपनों में भरमाकर मानव सच्चा सुख खोता है
अरे, राम नाम जपते रहने से कष्ट दूर होता है
चल सन्यासी मंदिर में, तेरा चोला मेरी चुनरिया
साथ-साथ रंगवायेंगे, क्यों हम जायें मंदिर में
पाप है तेरे अंदर में
छोड़ झमेले बैठ अकेले जीवन सफल बनायेंगे
मन से मन का दीप जला ले मधुर मिलन की ज्योती जगा ले
पूरण कर दे मेरी आशा आज मुझे अपना ले अपना ले

दुनिया बनाने वाले, मैं तुझसे पूछता हुँ
क्या प्यार का जहाँ में, बदला है बेवफ़ाई

ITRANS Song Book: 167.s

film: Udan Khatola singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

मुहब्बत की राहों में
चलना सम्भल के
यहाँ जो भी आया
गया हाथ मल के

न पाई किसी ने मुहब्बत की मंज़िल
क़दम डगमगाए, ज़रा दूर चल के

हमें ढूँढती है, बहारों की दुनिया
कहाँ आ गए हम, चमन से निकल के

कहीं डूब जाए न, हसरत भरा दिल
न यूँ तीर फ़ेंको, निशाना बदल के

ITRANS Song Book: 168.s

film: Aakhri Daao singer: Rafi
lyrics: Majrooh music: Madan Mohan

तुझे क्या सुनाऊं ऐ दिलरुबा
तेरे सामने मेरा हाल है
तेरी इक निगाह की बात है
मेरी ज़िंदगी का सवाल है

मेरी हर ख़ुशी तेरे दम से है
मेरी ज़िंदगी तेरे ग़म से है
तेरे दर्द से रहे बेख़बर
मेरे दिल की कब ये मज़ाल है

तेरे हुस्न पर है मेरी नज़र
मुझे सुबह शाम की क्या ख़बर
मेरी शाम है तेरी जुस्तजू
मेरी सुबह तेरा ख़याल है

मेरे दिल जिगर में समा भी जा
रहे क्यूँ नज़र का भी फ़ासला
के तेरे बगैर ओ जान-ए-जां
मुझे ज़िंदगी भी मुहाल है

ITRANS Song Book: 169.s

film: Mere Humdum Mere Dost singer: Rafi
lyrics: Majrooh music: Laxmikant, Pyarelal

हुई शाम उनका ख़याल आ गया
वही ज़िंदगी का सवाल आ गया

अभी तक तो होठों पे था तबस्सुम का एक सिलसिला
बहुत शादमां थे हम उनको भुलाकर
अचानक ये क्या हो गया
कि चेहरे पे रंग-ए-मलाल आ गया ...

हमें तो यही था गुरूर गम-ए-यार है हम से दूर
वही ग़म जिसे हमने किस-किस जतन से
निकाला था इस दिल से दूर
वो चलकर क़यामात की चाल आ गया ...

ITRANS Song Book: 170.s

film: singer: Rafi lyrics: music:

इस भरी दुनिया में, कोई भी हमारा न हुआ
गैर तो गैर हैं, अपनों का सहारा न हुआ

लोग रो-रो के भी इस दुनिया में जी लेते हैं
एक हम हैं की हंसे भी तो गुज़ारा न हुआ

इक मुहब्बत के सिवा और न कुछ मांगा था
क्या करें ये भी ज़माने को गंवारा न हुआ

आसमान जितने सितारे हैं तेरी महफ़िल में
अपनी तक़दीर का ही कोई सितारा न हुआ

ITRANS Song Book: 171.s

film: singer: Rafi lyrics: music:

पत्थर के देवता मिले
शीशे का दिल लिये, जाऊँ कहाँ ...

ITRANS Song Book: 163.s

film: Kaala Bazaar singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

खोया-खोया चांद, खुला आसमां
आँखों में सारी रात जाएगी
तुमको भी कैसे नींद आएगी, हो
खोया-खोया ...

मस्ती भरी, हवा जो चली
खिल-खिल गई, ये दिल की कली
मन की गली में है खलबली
कि उनको तो बुलाओ, ओ हो ...
खोया-खोया चांद ...

तारे चले, नज़ारे चले
संग-संग मेरे वो सारे चले
चारों तरफ़ इशारे चले
किसी के तो हो जाओ, ओ हो ...
खोया-खोया चांद ...

ऐसी ही रात, भीगी सी रात
हाथों में हाथ, होते वो साथ
कह लेते उनसे दिल की ये बात
अब तो ना सताओ, ओ हो ...
खोया-खोया चांद ...

हम मिट चले, जिनके लिये
बिन कुछ कहे, वो चुप-चुप रहे
कोई ज़रा ये उनसे कहे
न ऐसे आजमाओ, ओ हो ...
खोया-खोया चांद ...

ITRANS Song Book: 164.s

ज़िंदगी के सफ़र में, अकेले थे हम
मिल गए तुम तो दिल को सहारा मिला
आ गए इक नए रास्ते पर क़दम
जब तुम्हारी नज़र का इशारा मिला

ज़िंदगी को तमन्ना थी हमराज़ की
पाज़-ए-दिल की ज़रूरत थी आवाज़ की
तुमने जब मुस्कुराकर पुकारा हमें
ज़िंदगी को खुशी का नज़ारा मिला

अब ज़माने का डर है न दुनिया का ग़म
अपनी तक़दीर पर नाज़ करते हैं हम
आज आँखों को जलवे तुम्हारे मिले
आज हाथों को दामन तुम्हारा मिला

ITRANS Song Book: 165.s

film: Haathi mere Saathi singer: Rafi
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

नफ़रत की दुनिया को छोड़ के, प्यार की दुनिया में
खुश रहना मेरे यार
इस झूठकी नगरी को छोड़ के, गाता जा प्यारे
अमर रहे तेरा प्यार

जब जानवर कोई, इनसान को मारे
कहते हैं दुनिया में, वहशी उसे सारे
एक जानवर की जान आज इनसानों ने ली है
चुप क्यूं है संसार

बस आखिरी सुन ले, ये मेल है अपना
बस ख़त्म ऐ साथी, ये खेल है अपना
अब याद में तेरी बीत जाएंगे रो-रो के
जीवन के दिन चार

ITRANS Song Book: 166.s

film: Zindagii singer: Rafi lyrics: music: Shankar, Jaikishan

हमने जफ़ा न सीखी, उनको वफ़ा न आई
पत्थर से दिल लगाया, और दिल ने चोट खाई

अपने ही दिल के हाथों, बरबाद हो गए हम
किससे करें शिकायत, अब किसको दें दुहाई

फ़िज़ा रंगीं अदा रंगीं, ये इठलाना ये शरमाना
ये अंगड़ाई ये तनहाई, ये तरसा कर चले जाना
बना दे ना कहीं मुझको, जवां जादू ये दीवाना

जहां तू है वहां मैं हूँ, मेरे दिल की तू धड़कन है
मुसाफ़िर मैं तू मंज़िल है, मैं प्यासा हूँ तू सावन है
मेरी दुनिया ये नज़रें हैं, मेरी जन्नत ये दामन है

ITRANS Song Book: 159.s

film: Laal Quila singer: Rafi
lyrics: Bahadur Shah Zafar music: S. N. Tripathi

न किसी की आँख का नूर हूँ
न किसी के दिल का क़रार हूँ
जो किसी के काम न आ सका
मैं वो एक मुश्त-ए-ग़ुबार हूँ

न तो मैं किसी का हबीब हूँ
न तो मैं किसी का रक़ीब हूँ
जो बिगड़ गया वो नसीब हूँ
जो उजड़ गया वो दयार हूँ, जो किसी के ...

मेरा रंग-रूप बिगड़ गया
मेरा यार मुझसे बिछड़ गया
जो चमन फ़िज़ां में उजड़ गया
मैं उसी की फ़स्ल-ए-बहार हूँ, जो किसी के ...

ITRANS Song Book: 160.s

film: Kaajal singer: Rafi lyrics: Sahir Ludhianvi music: Ravi

छू लेने दो नाज़ुक होठों को
कुछ और नहीं हैं जाम हैं ये
क़ुदरत ने जो हमको बख़्शा है
वो सबसे हंसीं ईनाम हैं ये

शरमा के न यूँ ही खो देना
रंगीन जवानी की घड़ियाँ
बेताब धड़कते सीनों का
अरमान भरा पैगाम है ये, छू ...

अच्छों को बुरा साबित करना
दुनिया की पुरानी आदत है
इस मै को मुबारक चीज़ समझ
माना की बहुत बदनाम है ये, छू ...

ITRANS Song Book: 161.s

film: Guide singer: Rafi
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

तेरे मेरे सपने अब एक रंग हैं
हो जहाँ भी ले जाएं राहें, हम संग हैं

तेरे मेरे दिल का, तय था इक दिन मिलना
जैसे बहार आने पर, तय है फूल का खिलना
ओ मेरे जीवन साथी ...

तेरे दुख अब मेरे, मेरे सुख अब तेरे
तेरे ये दो नैना, चांद और सूरज मेरे
ओ मेरे जीवन साथी ...

लाख मना ले दुनिया, साथ न ये छूटेगा
आ के मेरे हाथों में, हाथ न ये छूटेगा
ओ मेरे जीवन साथी ...

ITRANS Song Book: 162.s

film: Bambai Ka Babu singer: Rafi
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

साथी न कोई मंज़िल
दिया है न कोई महफ़िल
चला मुझे लेके ऐ दिल, अकेला कहाँ ...

हमदम मिले कोई कहीं
ऐसे नसीब ही नहीं
बेदर्द है ज़मीं दूर आसमाँ ...

गलियां हैं अपने देश की
फिर भी हैं जैसे अजनबी
किसको कहे कोई अपना यहाँ ...

पत्थर के इनसां मिले

नज़र मिली भी न थी और उनको देख लिया
ज़बां खुली भी न थी और बात भी कर ली

वो जिनको प्यार है चांदी से, इश्क़ सोने से
वही कहेंगे कभी हमने ख़ुदकशी कर ली

ITRANS Song Book: 155.s

film: Kaanch Aur Heera singer: Rafi
lyrics: Ravindra Jain music: Ravindra Jain

नज़र आती नहीं मंज़िल, तड़पने से भी क्या हासिल
तक़दीर में ऐ मेरे दिल, अंधेरे ही अंधेरे हैं

मजबूरी ने जिसको मारा, उसका कौन सहारा
मांझी तो मिल जाते हैं पर मिलता नहीं किनारा

नैनों से यूँ छिन गई ज्योती सीप से जैसे मोती
एक जान और सौ दुश्मन हैं, काश ये जान न होती

ITRANS Song Book: 156.s

film: Naseeb singer: Rafi lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal

जॉन जानी जनार्दन, तरा-रम-पम-पम-पम-पम - २
साहिब ने बुलवाया, हाज़िर हूँ मैं आया,
हूँ यारों का मैं यार, दुश्मनों का दुश्मन, दे दना-दन!
जॉन जानी जनार्दन ...

ये तीनो नाम हैं मेरे - २, अल्ला, जीसस, राम हैं मेरे
जिस नाम से जो चाहे, जो चाहे मुझे बुलाये
जिसने जो फ़रमाया, जो मांगा मैं लाया
हूँ यारों का मैं यार ...

ये फ़िल्मों के सितारे - २, देखो निकले चमकते तारे
ये सबका दिल बहलायें, मैं इनका दिल बहलाऊँ - २
हीरोइन से टकराया, हीरो को गुस्सा आया
हूँ यारों का मैं यार ...

अंग्रेज़ी हो या देसी, फ़िल्में सभी मैंने देखी - २
हर पिक्चर देखके सोचा, मैं भी ऐक्टर बन जाऊँ - २
क़िस्मत ने घुमाया, होटल में पहुँचाया
हूँ यारों का मैं यार ...

ITRANS Song Book: 157.s

film: Aadmi singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

आज पुरानी राहों से, कोई मुझे आवाज़ न दे
दर्द में डूबे गीत न दे, गम का सिसकता साज़ न दे

बीते दिनों की याद थी जिनमें, मैं वो तराने भूल चुका
आज नई मंज़िल है मेरी, कल के ठिकाने भूल चुका
न वो दिल न सनम, न वो दीन-धरम
अब दूर हूँ सारे गुनाहों से

जीवन बदला दुनिया बदली, मन को अनोखा ज्ञान मिला
आज मुझे अपने ही दिल में, एक नया इनसान मिला
पहुँचा हूँ वहाँ, नहीं दूर जहाँ, भगवान की नेक निगाहों से

टूट चुके सब प्यार के बंधन, आज कोई ज़ंजीर नहीं
शीशा-ए-दिल में अरमानों की, आज कोई तस्वीर नहीं
अब शाद हूँ मैं, आज़ाद हूँ मैं, कुछ काम नहीं है आहों से

ITRANS Song Book: 158.s

film: Kanyadaan singer: Rafi
lyrics: Neeraj music: Shankar, Jaikishan

लिखे जो ख़त तुझे
वो तेरी याद में
हज़ारों रंग के
नज़ारे बन गए

सवेरा जब हुआ
तो फूल बन गए
जो रात आई तो
सितारे बन गए

कोई नगमा कहीं गूँजा, कहा दिल ने के तू आई
कहीं चटकी कली कोई, मैं ये समझा तू शरमाई
कोई खुशबू कहीं बिखरी, लगा ये ज़ुल्फ़ लहराई

film: Gambler singer: Rafi
lyrics: Neeraj music: S.D. Burman

मेरा मन तेरा प्यासा, मेरा मन तेरा
पूरी कब होगी आशा, मेरा मन तेरा

जब से मैने देखा तुझे मेरा मन नहीं रहा, मेरा
दे दे अपना हाथ मेरे हाथों में क्या जाए, तेरा
अब तो न तोड़ो आशा, मेरा मन ...

ज़िंदगी है मेरी इक दाँव, तू है हार-जीत, मारी
ऐसे वैसे कैसे भी तू खेल हमसे जैसे मर्ज़ी, तारी
कितनी है भोली आशा, मेरा मन ...

पता नहीं कौन हूँ मैं, क्या हूँ और कहां मुझे, जाना
अपनी वो कहानी जो अंजानी हो के बन गई, फ़साना
जीवन क्या है, तमाशा, मेरा मन ...

film: Mere Huzoor singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

ग़म उठाने के लिये मैं तो जिये जाऊंगा
सांस की लय पे तेरा नाम लिये जाऊंगा

हाय तूने मुझे उल्फ़त के सिवा कुछ न दिया
और मैने तुझे नफ़रत के सिवा कुछ न दिया
तुझसे शरमिंदा हूँ, ऐ मेरी वफ़ा की देवी
तेरा मुजरिम हूँ मुसीबत के सिवा कुछ न दिया

तू ख़यालों में मेरी अब भी चली आती है
अपनी पलकों पे उन अश्कों का जनाज़ा लेकर
तूने नींदें करीं क़ुरबान मेरी राहों में
मैं नशे में रहा औरों का सहारा लेकर

film: Pathhar Ke Sanam singer: Rafi
lyrics: Majrooh Sultanpuri music: Laxmikant, Pyarelal

पत्थर के सनम, तुझे हमने, मुहब्बत का ख़ुदा जाना
बड़ी भूल हुई, अरे हमने, ये क्या समझा ये क्या जाना

चेहरा तेरा दिल में लिये, चलते चले अंगारों पे
तू हो कहीं, सजदे किये हमने तेरे रुख़सारों पे
हम सा न हो, कोई दीवाना, पत्थर के ...

सोचा न था बढ़ जाएंगी, तनहाइयां जब रातों की
रस्ता हमें दिखलाएंगी, शमा-ए-वफ़ा इन आँखों की
ठोकर लगी, फिर पहचाना, पत्थर के ...

ऐ काश के होती ख़बर तूने किसे ठुकराया है
शीशा नहीं, सागर नहीं, मंदिर-सा इक दिल ढाया है
सारा आसमान, है वीराना, पत्थर के ...

film: Raajkumar singer: Mohammad Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

तुमने किसी की जान को जाते हुए देखा है
वो देखो मुझसे रूठकर, मेरी जान जा रही है

क्या जाने किस क़ुसूर की, दी हैं मुझे सज़ाएं
दीवाना कर रही हैं, तौबा शिकन अदाएं
ज़ुल्फ़ों में मुँ छुपाकर, मुझको लुभा रही है

घबरा रही है ख़ुद भी, बेचैन हो रही है
अपने ही ख़ून-ए-दिल में दामन डुबो रही है
बेजान रह गए हम, वो मुस्करा रही है

मस्ती भरी हवाओं अब जाके रोक लो तुम
तुमको मेरी क़सम है समझा के रोक लो तुम
उसकी जुदाई दिल पर, नश्तर चला रही है

film: Anokhi Raat singer: Rafi
lyrics: Indeevar music: Roshan

मिले न फूल तो काँटों से दोस्ती कर ली
इसी तरह से बसर हमने ज़िंदगी कर ली

अब आगे जो भी हो अंजाम, देखा जाएगा
ख़ुदा तलाश लिया और बंदगी कर ली

सौ बार जनम लेंगे, सौ बार फ़ना होंगे
ऐ जान-ए-वफ़ा फिर भी, हम तुम न जुदा होंगे

क़िस्मत हमे मिलने से, रोकेगी भला कब तक
इन प्यार की राहों में, भटकेगी वफ़ा कब तक
क़दमों के निशाँ खुद ही, मंज़िल का पता होंगे

ये कैसी उदासी है, जो हुस्न पे छाई है
हम दूर नहीं तुम से, कहने को जुदाई है
अरमान भरे दो दिल, फिर एक जगह होंगे

film: Mirza Ghalib singer: Suraiyya
lyrics: Mirza Ghalib music: Ghulam Mohammad

ये ना थी हमारी क़िस्मत के विसाल-ए-यार होता
अगर और जीते रहते, यही इंतज़ार होता
तेरे वादे पर जिये हम, तो ये जान झूठ जाना
के खुशी से मर न जाते, अगर एतबार होता
तेरी नाज़ुकी से जाना के बंधा था अहद बूद
कभी तू न तोड़ सकता, अगर उसतवार होता
कोई मेरे दिल से पूछे, तेरे तीर-ए-नीम कश को
ये खलिश कहाँ से होती, जो जिगर के पार होता
ये कहाँ की दोस्ती है के बने हैं दोस्त नासे:
कोई चारा साज़ होता, कोई गम गुसार होता
रग-ए-संग से टपकता, वो लहू के फिर न थमता
जिसे ग़म समझ रहे हो, ये अगर शरार होता
ग़म अगर-चे जाँ गुसल है, पर कहाँ बचैं के दिल है
ग़म-ए-इश्क़ गर न होता, गम-ए-रोज़गार होता
कहूँ किस से मैं के किया है, शब-ए-गम बुरी बला है
मुझे किया बुरा था मरण अगर ऐक बार होता
हुए मर के हम जो रुसवा, हुए क्यूँ न घर्क़-ए-दरया
न कभी जनाज़ा उठता, न कहीं मज़ार होता
उसे कौन देख सकता के, यगान हे वो यकता
जो दोई कि बू भी होती, तो कहीं दोचार होता
ये मसा-एल-ए-तसव्वुफ़, ये तेरा बेअन, ग़ालिब
तुझे हम वाली समझते, जो न बादह खार होता

film: singer: Rafi lyrics: music:

तेरी शादी पे दूँ तुझको तोहफ़ा मैं क्या
पेश करता हूँ दिल एक टूटा हुआ

खुश रहे तू सदा, ये दुआ है मेरी
बेवफ़ा ही सही, दिलरुबा है मेरी
खुश रहे ...

जा मैं तनहा रहूँ, तुझको महफ़िल मिले
डूबने दे मुझे, तुझको साहिल मिले
आज मरज़ी यही, नाखुदा है मेरी

उम्र भर ये मेरे दिल को तड़पाएगा
दर्द-ए-दिल अब मेरे साथ ही जाएग
मौत ही आख़िरी बस दवा है मेरी

खुशी जिसने खोजी वो धन लेके लौटा
हंसी जिसने खोजी चमन लेके लौटा
मगर प्यार को खोजने जो चला वो
न तन लेके लौटा न मन लेके लौटा

सुबह न आई शाम न आई जिस दिन तेरी याद न आई
कैसी लगन लगी ये तुझसे कैसी लगन ये लगी
हंसी खो गई खुशी खो गई आँसू तक सब रहें हो गए
अरथी तक नीलाम हो गई, दुनिया ने दुश्मनी निभाई

तुम मिल जाते तो हो जाती पूरी अपनी रामकहानी
खंडहर ताज-महल बन जाता, गंगाजल आँखों का पानी
सांसों ने हथकड़ी लगाई याद न आई

जैसे भी हो तुम आ जाओ
आग लगी है तन में और मन में
एक तार की दूरी है, बस दामन और कफ़न में
हुई मौत के संग सगाई याद न आई

अब छलकते हुए सागर नहीं देखे जाते
तौबा के बाद ये मंज़र नहीं देखे जाते

मस्त कर के मुझे, औरों को लगा मूँ साक़ी
ये करम होश में रह कर नहीं देखे जाते

साथ हर एक को इस राह में चलना होगा
इश्क़ में रहज़ान-ओ-रहबार नहीं देखे जाते

हम ने देखा है ज़माने का बदलना लेकिन
उन के बदले हुए तेवर नहीं देखे जाते

film: Shankar Hussain singer: Rafi
lyrics: Kamal Amrohi music: Khayyam

कहीं एक मासूम नाज़ुक सी लड़की
बहुत खूबसूरत मगर सांवली सी

मुझे अपने ख़्वाबों की बाहों में पाकर
कभी नींद में मुस्कुराती तो होगी
उसी नींद में कसमसा-कसमसाकर
सरहने से तकिये गिराती तो होगी

वही ख़्वाब दिन के मुंडेरों पे आके
उसे मन ही मन में लुभाते तो होंगे
कई साज़ सीने की खामोशियों में
मेरी याद में झनझनाते तो होंगे
वो बेसाख्ता धीमे-धीमे सुरों में
मेरी धुन में कुछ गुनगुनाती तो होगी

चलो खत लिखें जी में आता तो होगा
मगर उंगलियां कँप-कँपाती तो होंगी
कलम हाथ से छूट जाता तो होगा
उमंगें कलम फिर उठाती तो होंगी
मेरा नाम अपनी किताबों पे लिखकर
वो दांतों में उँगली दबाती तो होगी

ज़ुबाँ से अगर उफ़ निकलती तो होगी
बदन धीमे धीमे सुलगता तो होगा
कहीं के कहीं पांव पड़ते तो होंगे
दुपट्टा ज़मीं पर लटकता तो होगा
कभी सुबह को शाम कहती तो होगी
कभी रात को दिन बताती तो होगी

film: Purab Aur Paschim singer: Mukesh
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

कोई जब तुम्हारा हृदय तोड़ दे
तड़पता हुआ जब कोई छोड़ दे
तब तुम मेरे पास आना प्रिये
मेरा दर खुला है खुला ही रहेगा
तुम्हारे लिये, कोई जब ...

अभी तुमको मेरी ज़रूरत नहीं
बहुत चाहने वाले मिल जाएंगे
अभी रूप का एक सागर हो तुम
कंवल जितने चाहोगी खिल जाएंगे
दरपन तुम्हें जब डराने लगे
जवानी भी दामन छुड़ाने लगे
तब तुम मेरे पास आना प्रिये
मेरा सर झुका है झुका ही रहेग
तुम्हारे लिये, कोई जब ...

कोई शर्त होती नहीं प्यार में
मगर प्यार शर्तों पे तुमने किया
नज़र में सितारे जो चमके ज़रा
बुझाने लगीं आरती का दिया
जब अपनी नज़र में ही गिरने लगो
अंधेरों में अपने ही घिरने लगो
तब तुम मेरे पास आना प्रिये
ये दीपक जला है जला ही रहेग
तुम्हारे लिये, कोई जब ...

film: Ustaadon Ke Ustaad singer: Rafi
lyrics: Asad Bhopali music: Ravi

लोग आते जाते रहें, आप मुस्कुराते रहें
ज़िन्दगी हमारी लेलो ...

ITRANS Song Book: 139.s

film: Sujata singer: Talat Mahmood
lyrics: Majrooh music: S.D. Burman

जलते हैं जिसके लिये, तेरी आँखों के दिये
ढूँढ लाया हूँ वही, गीत मैं तेरे लिये
जलते हैं जिसके लिये

दर्द बनके जो मेरे दिल में रहा ढल ना सका
जादू बनके तेरी आँखों में रुका चल ना सका
आज लाया हूँ वही गीत मैं तेरे लिये
जलते हैं जिसके लिये

दिल में रख लेना इसे हाथों से ये छूटे न कहीं
गीत नाज़ुक है मेरा शीशे से भी टूटे न कहीं
गुनगुनाऊंगा यही गीत मैं तेरे लिये
जलते हैं जिसके लिये

जब तलक ना ये तेरे रस के भरे होंठों से मिले
यूँ ही आवारा फिरेगा ये तेरी ज़ुल्फ़ों के तले
गाये जाऊंगा यही गीत मैं तेरे लिये
जलते हैं जिसके लिये

ITRANS Song Book: 140.s

film: Chhaaya singer: Talat Mahmood
lyrics: Rajinder Krishan music: Salil Chowdhury

आँसू समझ के क्यूँ मुझे आँख से तूने गिरा दिया
मोती किसी के प्यार का मिट्टी में क्यूँ मिला दिया
आँसू समझ के क्यूँ मुझे

जो ना चमन में खिल सका मैं वो गरीब फूल हूँ
जो कुछ भी हूँ बहार की छोटी सी एक भूल हूँ
जिस ने खिला के खुद मुझे, खुद ही मुझे भुला दिया
आँसू समझ के क्यूँ मुझे

मेरी ख़ता मुआफ़ मैं भूले से आ गया यहाँ
वरना मुझे भी है खबर मेरा नहीं है ये जहाँ
डूब चला था नींद में अच्छा किया जगा दिया
आँसू समझ के क्यूँ मुझे

ITRANS Song Book: 141.s

film: Jahan Ara singer: Talat Mahmood
lyrics: Rajinder Krishan music: Madan Mohan

तेरा ग़मख़्वार हूँ लेकिन मैं तुझ तक आ नहीं सकता
मैं अपने नाम तेरी बेकसी लिखवा नहीं सकता

तेरी आँख के आँसू पी जाऊं ऐसी मेरी तक़दीर कहाँ
तेरे गम में तुझ को बहलाऊं ऐसी मेरी तक़दीर कहाँ

ऐ काश जो मिल कर रोते, कुछ दर्द तो हलके होते
बेकार न जाते आँसू, कुछ दाग़ जिगर के धोते
फिर रंज न होता इतना, है तनहाई में जितना
अब जाने ये रस्ता गम का, है और भी लम्बा कितना
हालात की उलझन सुलझाऊँ ऐसी मेरी तक़दीर कहाँ
तेरी आँख के आँसू पी जाऊँ

क्या तेरी ज़ुल्फ़ का लेहरा, है अब तक वोही सुनहरा
क्या अब तक तेरे दर पे, देती हें हवाएं पहरा
लेकिन है ये खाम-ओ-खयाली, तेरी ज़ुल्फ़ बनी है सवाली
मोहताज है एक कली की, इक रोज़ थी फूलों वाली
वो ज़ुल्फ़ें परेशां महकाऊं ऐसी मेरी तक़दीर कहाँ
तेरी आँख के आँसू पी जाऊँ

ITRANS Song Book: 142.s

film: Shaan singer: R.D. Burman
lyrics: Anand Bakshi music: R.D. Burman

यम्मा यम्मा, यम्मा यम्मा, ये खूबसूरत समा
बस आज की रात है ज़िंदगी, कल हम कहाँ तुम कहाँ

हंसते हुए ऐसी शान से, दीवाने ??? जाएंगे
झूठी शमों से मिलके गले, परवाने जल जाएंगे
रह जाएगा यादों का दिया, कल हम कहाँ तुम कहाँ

कल क्या हो जाए किसको खबर, आ ??? चलें झूमकर
ये ज़िंदगी इक लम्बा सफ़र, पल भर के सब हमसफ़र
इक रात के मेहमान सब यहाँ, कल हम कहाँ तुम कहाँ

जीने की चाहत नहीं, मर के भी राहत नहीं
इस पार आँसू, उस पार आहें, दिल मेरा बेज़ुबां
अंधे जहान के ...

हम को न कोई बुलाए, ना कोई पलकें बिछाए
ऐ ग़म के मारों, मंज़िल वहीं है, दम ये टूटे जहाँ
अंधे जहान के ...

आकाज़ के दिन तेरा अंजाम तय हो चुका
जलते रहें हैं, जलते रहेंगे, ये ज़मीं आसमां
अंधे जहान के ...

film: Daag (old) singer: Talat Mahmood
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

ऐ मेरे दिल कहीं और चल
ग़म की दुनिया से दिल भर गया
ढूँढ ले अब कोई घर नया
ऐ मेरे दिल कहीं और चल

चल जहाँ गम के मारे न हों
झूठी आशा के तारे न हों
झूठी आशा के तारे न हों
इन बहारों से क्या फ़ायदा
जिस में दिल की कली जल गई
ज़ख़्म फिर से हरा हो गया
ऐ मेरे दिल कहीं और चल

चार आँसू कोई रो दिया
फेर के मुँह कोई चल दिया
फेर के मुँह कोई चल दिया
लुट रहा था किसी का जहाँ
देखती रह गई ये ज़मीं
चुप रहा बेरहम आसमां
ऐ मेरे दिल कहीं और चल

film: Dil-e-Nadan singer: Talat Mahmood
lyrics: Shakeel Badayuni music: Ghulam Mohammad

ज़िंदगी देने वाले सुन
तेरी दुनिया से दिल भर गया
मैं यहाँ जीते जी मर गया

रात कटती नहीं दिन गुज़रता नहीं
ज़ख़्म ऐसा दिया है के भरता नहीं
आँख वीरान है, दिल परेशान है, ग़म का सामान है
जैसे जादू कोई कर गया
ज़िंदगी देने वाले सुन ...

बेख़ता तूने मुझ से खुशी छीन ली
ज़िंदा रखा मगर ज़िंदगी छीन ली
कर दिया दिल का ख़ूँ, चुप कहाँ तक रहूँ, साफ़ क्यूँ ना कहूँ
तू खुशी से मेरी जल गया
ज़िंदगी देने वाले सुन ...

film: Jadugar singer: Kumar Shanu
lyrics: music: Kayanji, Anandji

आये हैं दुआएं देने, आपकी बलायें लेने
ज़िन्दगी हमारी लेलो, ऐश करो खाओ खेलो
जियो जी, जियो जी, जियो जी, जियो जी
जब तलक जी चाहे, जियो, जियो जी

पता अब चला, है क्यों हो गया
ज़माना दीवाना तुम्हारा
बना दे कभी, मिटा दे कभी
तुम्हारा ज़रा सा इशारा
चले हुकूमत यहां तुम्हारी
फ़िदा है तुमपे दुनिया सारी
क्या कहने, क्या कहने आपके तो
किसी को बना के जियो, किसी को मिटा के जियो
ज़िन्दगी हमारी लेलो ...

जो पहले कभी, किसी ने ना दी
वो सौग़ात हम आज देंगे
तुम्हें उम्र भर, दुबारा कभी
पुजारी ना ऐसे मिलेंगे
सैकड़ों बेचारे आये, ज़िन्दगी के मारे आये
क्या कहने, क्या कहने आपके तो

आन मिलो आन मिलो श्याम सांवरे, बृज में अकेली राधे खोई-खोई फिरे
म : ओ राधे खोई-खोई फिरे, ओ कान्हा आन मिलो
गी, म : ओ ... आन मिलो आन मिलो ...

गी : बृंदावन की गलियों में तुम बिन जियरा ना लागे
म : ओ ... जियरा ना लागे
गी : निस दिन तुम्हारी बात देखे व्याकुल नैना भागे
म : व्याकुल नैन भागे ...
गी : अब ही ऐसी दशा है मन की क्या होवै फिर आगे रे
बृज में अकेली राधे खोई-खोई फिरे
म : ओ राधे खोई-खोई फिरे
ओ कान्हा आन ...

गी : आज न काहे जमुना तीरे मुरली मधुर बजाई
म : ओ ... मुरली मधुर बजाई
गी : आज न काहे सखियां के संग हिल-मिल रास रचाई
म : ओ ... मिल-मिल रास रचाई
गी : हमार आंगन छोड़ के तोहे कौन नगरिया भाई रे
बृज में अकेली ...

गी : अजहुं न भेजे रे मोहन तैने कोई खबरिया (२)
म : ओ ... तैने कोई खबरिया
गी : हो गई है ये बृज कि बाला रो-रो कर बावरिया
म : रो-रो कर बावरिया
गी : धीर बंध जा ... धीर बंध जा
मुख दिखला जा नट नागर सांवरिया रे
बृज में अकेली राधे ...

film: Jahan Ara singer: Talat Mahmood
lyrics: Rajinder Krishan music: Madan Mohan

फिर वोही शाम वही ग़म वही तनहाई है
दिल को समझाने तेरी याद चली आई है

फिर तसव्वुर तेरे पहलू में बिठा जाएगा
फिर गया वक़्त घड़ी भर को पलट आएगा
दिल बहल जाएगा आखिर ये तो सौदाई है
फिर वोही शाम ...

जाने अब तुझ से मुलाक़ात कभी हो के न हो
जो अधूरी रहे वो बात कभी हो के न हो
मेरी मंज़िल तेरी मंज़िल से बिछड़ आई है
फिर वोही शाम ...

फिर तेरे ज़ुल्फ़ के रुखसार की बातें होंगी
हिज्र की रात मगर प्यार की बातें होंगी
फिर मुहब्बत में तड़पने की क़सम खाई है
फिर वोही शाम ...

film: Yeh Raat Phir Na Aayegi (1966) singer: Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

येही वो जगह है, येही वो फ़िज़ा है
यहीं पर कभी आप हमसे मिले थे
इन्हें हम भला किस तरह भूल जायें
यहीं पर कभी आप हमसे मिले थे
येही वो जगह है ...

यहीं पर मेरा हाथ, हाथों में लेकर
कभी ना बिछड़ने का, वादा किया था
सदा के लिये हो गए हम तुम्हारे
गले से लगा कर हमें ये कहा था
कभी कम ना होंगी हमारी वफ़ाएं
यहीं पर कभी आप हमसे मिले थे
येही वो जगह है ...

यहीं पर वफ़ा का, नया रंग भर के
बनाई थी चाहत की, तसवीर तुमने
यहीं की बहारों से, फूलों को चुन कर
संवारी थी उलफ़त की, तक़दीर तुमने
वो दिल आपको याद कैसे दिलाये
यहीं पर कभी आप हमसे मिले थे
येही वो जगह है ...

film: Patita singer: Talat Mahmood
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

अंधे जहान के अंधे रास्ते, जाएं तो जाएं कहाँ
दुनिया तो दुनिया, तू भी पराया, हम यहाँ ना वहाँ

film: Gora Aur Kaala singer: Mukesh, Lata
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

धीरे-धीरे बोल कोई सुन न ले, सुन न ले कोई सुन न ले
सेज से कलियाँ चुन न ले, चुन न ले कोई चुन न ले
हमको किसी का डर नहीं
कोई ज़ोर जवानी पर नहीं
धीरे-धीरे...

कुछ कह ले कुछ कर ले ये संसार
हम प्रेमी हैं हम तो करेंगे प्यार
कोई देख ले तो देख ले, कोई जान ले तो जान ले
कोई दोश हमारे सर नहीं, कोई ज़ोर...

बातों के बदले आँखों से लो काम
वरना हम हो जायेंगे रे बदनाम
नादान तुम अंजान तुम बेईमान तुम ? तुम
क्यूँ चैन तुम्हें पल भर नहीं, कोई ज़ोर...

एक-एक दिन अब लगता है एक साल
तेरे बिन अब मेरा भी है यही हाल
आ प्यार कर दुनिया से डर मत दूर जा मत पास आ
मैं शीशा हूँ पत्थर नहीं, कोई ज़ोर...

film: Sone Ki Chidiya singer: Talat, Asha
lyrics: Sahir music: O.P. Nayyar

प्यार पर बस तो नहीं है मेरा, लेकिन फिर भी
तू बता दे के तुझे प्यार करूँ या ना करूँ

मेरे ख़्वाबों के झरोखों को सजाने वाली
तेरे ख़्वाबों में कहीं मेरा गुज़र है के नहीं
पूछ कर अपनी निगाहों से बता दे मुझको
मेरी रातों के मुक़द्दर में सहर है के नहीं
प्यार पर बस तो नहीं है ...

कहीं ऐसा न हो पाओं मेरे थर्रा जाएं
और तेरी मरमरी बाहों का सहारा न मिले
अश्क बहते रहे खमोश सियाह रातों में
और तेरे रेशमी आंचल का किनारा न मिले
प्यार पर बस तो नहीं है ...

film: Manchali singer: Kishore
lyrics: Anand Bakshi music: Laxmikant, Pyarelal

ओ मनचली, कहाँ चली - २
देख देख देख देख मुझ से न शरमा
एक एक एक मैं हूँ भंवरा
और तू कली, ओ मनचली ...

होठों पे लेके तेरा नाम
आई है रंग भरी शाम
फूलों से छलके हैं जाम
भंवरों ने दिल लिये थाम
ऐसे में, हे हे हो ए हे हो
ऐसे में, तोड़ के प्रेम की डोरी
ओ गोरी, चकोरी, तू कहाँ चली ...

दुनिया से नहीं डरेंगे
हम तुम मुलाक़ाते करेंगे
आजा दो बाते करेंगे
रंगीं बरसातें करेंगे
ये सच है ए हे ओ ओ ए हे ओ ओ
ये सच है मैं हूँ एक दीवाना
न जाना, न माना, तू कहाँ चली ...

रुत ऐसी आई हुई है
बदली सी छाई हुई है
तू क्यों शरमाई हुई है
मुझसे घबराई हुई है
प्यार में ए हे ओ ओ ए हे ओ ओ
प्यार में यार से आँख चुराके
छुपाके, बचाके, तू कहाँ चली ...

film: Devdas singer: Geeta Dutt, Manna Dey
lyrics: music: S.D. Burman

गी : आन मिलो आन मिलो श्याम सांवरे ... आन मिलो

जिसका न कोई संगी साथी ईश्वर है रखवाला
जो निर्धन है जो निर्बल है वह है प्रभू का प्यारा
प्यार के मोती लुटाते चलो, प्रेम की गंगा...

आशा टूटी ममता रूठी छूट गया है किनारा
बंद करो मत द्वार दया का दे दो कुछ तो सहारा
दीप दया का जलाते चलो, प्रेम की गंगा...

छाई है छाओं और अंधेरा भटक गई हैं दिशाएं
मानव बन बैठा है दानव किसको व्यथा सुनाएं
धरती को स्वर्ग बनाते चलो, प्रेम की गंगा...

film: Chhaliya singer: Mukesh
lyrics: Qamar Jalalabadi music: Kalyanji, Anandji

छलिया मेरा नाम, छलिया मेरा नाम
हिंदू मुसलिम सिख इसाई सबको मेरा सलाम
छलिया मेरा...

देखो लोगों ज़रा तो सोचो बनी कहानी कैसे
तुमने मेरी रोटी छीनी छीनी मैंने पैसे
सीखा तुम से काम हुआ मैं बदनाम
हिंदू मुसलिम...

रोक रहीं हैं राहें मेरी नैना तीखे-तीखे
हम तो खाली माल के रसिया इश्क़ नहीं हम सीखे
जहाँ भी देखा दाम वहीं निकाला काम
हिंदू मुसलिम...

मैं हूँ गलियों का शहज़ादा जो चाहूँ वो ले लूँ
शहज़ादे तलवार से खेलें मैं कैंची से खेलूँ
मेहनत मेरा काम देना उसका काम
हिंदू मुसलिम...

film: Dulha Dulhan singer: Mukesh
lyrics: Indeevar music: Kalyanji, Anandji

हमने तुझको प्यार किया है जितना, कौन करेगा इतना
कौन करेगा इतना...

आँख चुराई ठेस लगाई दिल भी तूने तोड़ा
लाख छुपाया तूने दामन हमने साथ न छोड़ा
तेरे करम को तेरे सितम को सहते रहें हम जितना
कौन करेगा इतना...

तू ही तू है इन आँखों में और नहीं कोई दूजा
तुझको चाहा तुझको सराहा और तुझे ही पूजा
तेरे दर को मान के मंदिर झुकते हैं हम जितना
कौन करेगा इतना...

तेरे जैसा साथी जिसमें तेरे जैसा दिल है
लाख बुरी हो दुनिया फिर भी जीने के क़ाबिल है
तेरे साथ जीने की खातिर मिटते रहे हम जितना
कौन करेगा इतना...

film: Bandini singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: S.D. Burman

ओ जानेवाले हो सके तो लौट के आना
ये घाट तू ये बाट कहीं भूल न जाना

बचपन के तेरे मीत तेरे संग के सहारे
ढूँढेंगे तुझे गली-गली सब ये ग़म के मारे
पूछेगी हर निगाह कल तेरा ठिकाना
ओ जानेवाले...

है तेरा वहाँ कौन सभी लोग हैं पराए
परदेस की गरदिश में कहीं तू भी खो ना जाए
काँटों भरी डगर है तू दामन बचाना
ओ जानेवाले...

दे दे के ये आवाज़ कोई हर घड़ी बुलाए
फिर जाए जो उस पार कभी लौट के न आए
है भेद ये कैसा कोई कुछ तो बताना
ओ जानेवाले...

भँवर का सर न चकराए न दिल लहरों का डूबे
ये कश्ती आप कर दी मैने तूफ़ां के हवाले
तेरी दुनिया . . .

film: Dil Hi To Hai singer: Mukesh
lyrics: Sahir music: Roshan

तुम अगर मुझको न चाहो तो कोई बात नहीं
तुम किसी और को चाहोगी तो मुश्किल होगी

अब अगर मेल नहीं है तो जुदाई भी नहीं
बात तोड़ी भी नहीं तुमने निभाई भी नहीं
ये सहारा भी बहुत है मेरे जीने के लिये
तुम अगर मेरी नहीं हो तो पराई भी नहीं
मेरे दिल को न सराहो तो कोई बात नहीं
गैर के दिल को सराहोगी, तो मुश्किल . . .

तुम हसीं हो, तुम्हें सब प्यार ही करते होंगे
मैं तो मरता हूँ तो क्या और भी मरते होंगे
सब की आँखों में इसी शौक़ का तूफ़ां होगा
सब के सीने में यही दर्द उभरते होंगे
मेरे ग़म में न कराहो तो कोई बात नहीं
और के ग़म में कराहोगी तो मुश्किल . . .

फूल की तरह हँसो, सब की निगाहों में रहो
अपनी मासूम जवानी की पनाहों में रहो
मुझको वो दिन न दिखाना तुम्हें अपनी ही क़सम
मैं तरसता रहूँ तुम गैर की बाहों में रहो
तुम अगर मुझसे न निभाओ तो कोई बात नहीं
किसी दुश्मन से निभाओगी तो मुश्किल . . .

film: Chhaaya singer: Talat Mahmood
lyrics: Rajinder Krishan music: Salil Chaudhary

आँखों में मस्ती शराब की
काली ज़ुल्फ़ों में आँहें शबाब की
जाने आई कहाँ से टूटके
मेरे दामन में पंखुड़ी गुलाब की
हाए, आँखों . . .

चांद का टुकड़ा कहूँ या, हुस्न की दुनिया कहूँ
प्रीत की सरगम कहूँ या, प्यार का सपना कहूँ
सोचता हूँ, क्या कहूँ, सोचता हूँ, क्या कहूँ
इस शोख़ को मैं क्या कहूँ
आँखों . . .

चाल कहती है न हो, पहली घटा बरसात की
हर अदा अपनी जगह, तारीफ़ हो किस बात की
आरज़ू कितने दिनों से, आरज़ू कितने दिनों से
थी हमें इस रात की
आँखों . . .

film: Mai Nashe Me Hoon singer: Mukesh
lyrics: Shailendra music: Shankar, Jaikishan

ज़ाहिद शराब पीने दे मस्जिद में बैठकर
या वो जगह बता दे जहाँ पर खुदा न हो

मुझको यारों माफ़ करना मैं नशे में हूँ
अब तो मुमकिन है बहकना मैं नशे में हूँ

कल की रात मिट रही है दर्द भी है कम
अब ज़रा आराम से आ जा रहा है दम
कम है अब दिल का तड़पना मैं नशे में हूँ

ढल चुकी है रात अब तो उठ गई महफ़िल
मैं कहाँ जाऊँ नहीं कोई मेरी मंज़िल
दो कदम मुश्क़िल है चलना मैं नशे में हूँ

है ज़रा सी बात और छलके है प्याले
पर न जाने क्या कहेंगे ये जहाँ वाले
तुम बस इतना याद रखना मैं नशे में हूँ

film: Sant Gyaneshwar singer: Lata
lyrics: Bharat Vyaas music: Laxmikant, Pyaarelal

ज्योत से ज्योत जगाते चलो, प्रेम की गंगा बहाते चलो
राह में आए जो दीन दुखी, सबको गले से लगाते चलो

मैंने अब तुम से न मिलने की कसम खाई है
क्या खबर तुमको मेरी जान पे बन आई है
मैं बहक जाऊँ कसम खाके तुम ऐसा न करो
आवाज़ न दो...

दिल मेरा डूब गया आस मेरी टूट गई
मेरे हाथों ही से पतवार मेरी छूट गई
अब मैं तूफ़ान में हूँ साहिल से इशारा न करो
आवाज़ न दो...

रौशनी हो न सकी लाख जलाया हमने
तुझको भूला ही नहीं लाख भुलाया हमने
मैं परेशां हूँ मुझे और परेशां न करो
आवाज़ न दो...

किस कदर रोज़ किया मुझसे किनारा तुमने
कोई भटकेगा अकेला ये न सोचा तुमने
छुप गए हो तो कभी याद ही आया न करो
आवाज़ न दो...

film: Chhalia singer: Mukesh
lyrics: Qamar Jalalabadi music: Kalyanji, Anandji

मेरे टूटे हुए दिल से कोई तो आज ये पूछे
के तेरा हाल क्या है के तेरा हाल क्या है
मेरे टूटे...

किस्मत तेरी रीत निराली, ओ छलिये को छलने वाली
फूल खिला तो टूटी डाली
जिसे उलफ़त समझ बैठा, मेरी नज़रों का धोखा था
किसी की क्या खता है
मेरे टूटे...

माँगी मुहब्बत पाई जुदाई, दुनिया मुझको रास न आई
पहले कदम पर ठोकर खाई
सदा आज़ाद रहते थे हमें मालूम ही क्या था
मुहब्बत क्या बला है
मेरे टूटे...

film: Roti Kapada Aur Makaan singer: Mukesh, Lata
lyrics: Santosh Anand music: Laxmikant, Pyarelal

मैं ना भूलूँगा, मैं ना भूलूँगी
इन रस्मों को इन क़समों को इन रिश्ते नातों को
मैं ना...

चलो जग को भूलें, खयालों में झूलें
बहारों में डोलें, सितारों को छूलें
आ तेरी मैं माँग संवारूँ तू दुल्हन बन जाये
माँग से जो दुल्हन का रिश्ता मैं ना भूलूँगी...

समय की धारा में, उमर बह जानी है
जो घड़ी जी लेंगे, वही रह जानी है
मैं बन जाऊँ साँस आखिरी तू जीवन बन जाये
जीवन से साँसों का रिश्ता मैं ना भूलूँगी...

बरसता सावन हो, महकता आँगन हो
कभी दिल दूल्हा हो, कभी दिल दुल्हन हो
गगन बनकर झूमें, पवन बनकर झूमें
चलो हम राह मोड़ें, कभी ना संग छोड़ें
तरस चख जाना है, नज़र चख जाना है

कहीं पे बस जाएंगे, ये दिन कट जाएंगे
अरे क्या बात चली, वो देखो रात ढली
ये बातें चलती रहें, ये रातें ढलती रहें
मैं मन को मंदिर कर डालूँ तू पूजन बन जाये
मंदिर से पूजा का रिश्ता मैं ना...

film: Baware Nain singer: Mukesh
lyrics: Kedar Sharma music: Roshan

तेरी दुनिया में दिल लगता नहीं, वापस बुला ले
मैं सजदे में गिरा हूँ, मुझको ऐ मालिक उठा ले
तेरी दुनिया...

बहार आई थी किस्मत ने मगर ये गुल खिलाया
जलाया आशियाँ सैय्याद ने, पर नोच डाले
तेरी दुनिया...

दिल से इक आवाज़ ये आई
चल के अब तारों में रहेंगे
प्यार के हम तो हैं सौदाई
मुझको तेरी सूरत भी चाँद रात लागे, अल्लाह...

ITRANS Song Book: 115.s

film: Baiju Bawra singer: Rafi
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

मन तड़पत हरि दरसन को आज
मोरे तुम बिन बिगड़े सकल काज
आ, विनती करत, हूँ, रखियो लाज, मन तड़पत...

तुम्हरे द्वार का मैं हूँ जोगी
हमरी ओर नज़र कब होगी
सुन मोरे व्याकुल मन की बात, तड़पत हरी दरसन...

बिन गुरू ज्ञान कहाँ से पाऊँ
दीजो दान हरी गुन गाऊँ
सब गुनी जन पे तुम्हारा राज, तड़पत हरी...

मुरली मनोहर आस न तोड़ो
दुख भंजन मोरे साथ न छोड़ो
मोहे दरसन भिक्षा दे दो आज दे दो आज, ...

ITRANS Song Book: 116.s

film: Saathi singer: Mukesh, Suman Kalyanpur
lyrics: Majrooh music: Naushad

मेरा प्यार भी तू है ये बहार भी तू है
तू ही नज़रों में जान-ए-तमन्ना, तू ही नज़ारों में

जागो नज़र का ख्वाब है
देख मिलन का दिन ये सुहाना
आँख तो मेरे जलवों में गुम है
देखूँ तुझे या देखूँ ज़माना
बेखुद है दीवाना
मेरा प्यार...

मंज़िल मेरे दिल की वही है
साया वही दिलदार है तेरा
पर्बत पर्बत तेरी बाहें
गुलशन गुलशन प्यार है तेरा
महके है आँचल मेरा
मेरा प्यार...

मैं हूँ अकेला कब से मगर
तू आज भी मेरे साथ हो जैसे
याद में तेरी यूँ भी हुआ है
???
???
मेरा प्यार...

ITRANS Song Book: 117.s

film: Aashiq singer: Mukesh
lyrics: Shahryar music: Shankar, Jaikishan

मैं आशिक़ हूँ बहारों का
फ़िज़ाओं का नज़ारों का
मैं मस्ताना मुसाफ़िर हूँ
जवां धरती के अंजाने किनारों का

सदियों से जग में आता रहा मैं
नए रंग जीवन में लाता रहा मैं
हर एक देस में नित नए भेस में

कभी मैंने हँस के दीपक जलाए
कभी बन के बादल आँसू बहाए
मेरा रस्ता प्यार का रस्ता

चला गर सफ़र को कोई बेसहारा
तो मैं हो लिया संग लिये एक तारा
गाता हुआ दुख भुलाता हुआ

ITRANS Song Book: 118.s

film: Dil Bhi Tera Hum Bhi Tere singer: Mukesh
lyrics: Shamim Jaipuri music: Kalyanji, Anandji

मुझको इस रात की तनहाई में आवाज़ न दो
जिसकी आवाज़ रुला दे मुझे वो साज़ न दो
आवाज़ न दो...

मुहब्बत जताते नहीं
धड़कने अपने दिल की कभी
किसी को सुनाते नहीं, किसी को सुनाते नहीं
मज़ा क्या रहा जब की खुद कर लिया हो
मुहब्बत का इज़हार अपनी ज़ुबां से

माना की जान-ए-जहां
लाखों में तुम एक हो
हमारी निगाहों की भी
कुछ तो मगर दाद दो, कुछ तो मगर दाद दो
बहारों को भी नाज़ जिस फूल पर था
वही फूल हमने चुना गुलसितां से

film: Chhaaya singer: Talat, Lata
lyrics: Rajindar Krishan music: Salil Chaudhary

त:
इतना न मुझसे तू प्यार बढ़ा
के मैं एक बादल आवारा
कैसे किसी का सहारा बनूँ
के मैं खुद बेघर बेचारा
इतना न...

त:
मुझे एक जगह आराम नहीं
रुक जाना मेरा काम नहीं
मेरा साथ कहां तक दोगी तुम
मै देश विदेश का बंजारा

ल :
इस लिये तुझसे प्यार करूं
के तू एक बादल आवारा
जनम जनम से हूं साथ तेरे
के नाम मेरा जल की धारा

ल:
ओ नील गगन के दीवाने
तू प्यार न मेरा पहचाने
मैं तब तक साथ चलूँ तेरे
जब तक न कहे तू मैं हारा

त:
अरमान था गुलशन पर बरसूँ
एक शोख के दामन पर बरसूँ
अफ़सोस जली मिट्टी पे मुझे
तक़दीर ने मेरी दे मारा
इतना न...

त:
मदहोश हमेशा रहता हूँ
खामोश हूँ कब कुछ कहता हूँ
कोई क्या जाने मेरे सीने में
है बिजली का भी अंगारा

त:
क्यूँ प्यार में तू नादान बने
इक बादल का अरमान बने
मेरा साथ कहाँ तक दोगी तुम
मैं देस-बिदेस का बंजारा
इतना न...

film: Hariyali aur Raasta singer: Mukesh
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

इब्तिदा-ए-इश्क़ में हम सारी रात जागे
अल्ला जाने क्या होगा आगे
मौला जाने क्या होगा आगे
दिल में तेरी उलफ़त के बंधने लगे धागे, अल्लाह...

क्या कहूँ कुछ कहा नहीं जाए
बिन कहे भी रहा नहीं जाए
रात-रात भर करवट मैं बदलूँ
दर्द दिल का सहा नहीं जाए
नींद मेरी आँखों से दूर-दूर भागे, अल्लाह...

दिल में जागी प्रीत की ज्वाला
जबसे मैंने होश सम्भाला
मैं हूँ तेरे प्यार की सीमा
तू मेरा राही मतवाला
मेरे मन की बीना में तेरे राग जागे, अल्लाह...

तूने जब से आँख मिलाई

ये मौसम रंगीन समा ठहर ज़रा ओ जान-ए-जां
तेरा मेरा मेरा तेरा प्यार है तो फिर कैसा शरमाना
रुक तो मैं जाऊँ जान-ए-जां मुझको है इनकार कहाँ
तेरा मेरा मेरा तेरा प्यार सनम न बन जाए अफ़साना

ये चाँद और सितारे कहते हैं मिल के सारे
आजा प्यार करें
ये चाँद बैरी देखे ऐसे में बोलो कैसे
इक़रार करें
दिल में है कुछ कहे ज़ुबां
प्यार यही है जान-ए-जां
तेरा मेरा ...

ये प्यार की लम्बी राहें बाहों में डाले बाहें
कहीं दूर चलें
बैठे हैं घेरा डाले ये ज़ालिम दुनिया वाले
हमें देख जले
ठहर ज़रा ओ जान-ए-जां
मुझको है इनकार कहां
तेरा मेरा ...

film: Maaya singer: Rafi
lyrics: Majrooh music: Salil Chowdhury

कोई सोने के दिलवाला, कोई चाँदी के दिलवाला
शीशे का है मतवाले मेरा दिल
महफ़िल ये नहीं तेरी दीवाने कहीं चल

हैं तो सनम लेकिन पत्थर के सनम यहाँ
प्यार वाली नरमी अदाओं में कहाँ
होंठों से देख इनके, टकराए न तेरा प्याला
कोई सोने...

क्या जानिये कहाँ से आती है कानों में सदा
ऐ दीवाने ग़म तेरा सब से जुदा
इस महफ़िल से उठा दिल, न बहलेगा ये मतवाला
कोई सोने...

film: Jhuk Gaya Aasmaan singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishen

कौन है जो सपनों में आया
कौन है जो दिल में समाया
लो झुक गया आसमां भी
इश्क़ मेरा रंग लाया
ओ प्रिया, ओ प्रिया...

ज़िन्दगी के हर इक मोड़ पे मैं
गीत गाता चला जा रहा हूँ
बेख़ुदी का ये आलम न पूछो
मन्ज़िलों से बढ़ा जा रहा हूँ, ...

सज गई आज सारी दिशाएं
खुल गई आज जन्नत की राहें
हुस्न जबसे मेरा हो गया है
मुझपे पड़ती हैं सबकी निगाहें, ...

जिस्म को मौत आती है लेकिन
रूह को मौत आती नहीं है
इश्क़ रौशन है रौशन रहेगा
रौशनी इसकी जाती नहीं है, ...

film: Kashmir Ki Kali singer: Rafi, Asha
lyrics: S.H. Bihari music: O.P. Nayyar

इशारों इशारों में दिल लेने वाले
बता ये हुनर तूने सीखा कहाँ से
निगाहों निगाहों में जादू चलाना
मेरी जान सीखा है तुमने जहाँ से

मेरे दिल को तुम भा गए
मेरी क्या थी इस में खता
मेरे दिल को तड़पा दिया
यही थी वो ज़ालिम अदा, यही थी वो ज़ालिम अदा
ये राँझा की बातें, ये मजनू के किस्से
अलग तो नहीं हैं मेरी दास्तां से

मुहब्बत जो करते हैं वो

अजी ऐसा मौका ...

अपने दिल का दामन भर लो, मर जाओगे प्यार कर लो
कल का सपना किस ने देखा, इन राहों से आज गुज़र लो
अजी ऐसा मौका ...

film: Dekh Kabira Roya singer: Manna Dey
lyrics: Rajinder Krishan music: Madan Mohan

(कौन आया मेरे मन के द्वारे,
पायल की झनकार लिये) - २
कौन आया ...

(आँख न जाने, दिल पहचाने
सूरतिया कुछ ऐसी) - २
याद करुँ तो, याद न आये
मूरतिया ये कैसी
पागल मनवा, सोच में डूबा
सपनों का संसार लिये
कौन आया ...

(इक पल सोचूं, मेरी आशा
रूप बदल कर आई) - २
दूजे पल फिर, ध्यान ये आए
हो न कहीं परछाई
जो परदेसी के, घर आई
एक अनोखा प्यार लिये
कौन आया ...

film: Mela singer: Mukesh
lyrics: Shakeel Badayuni music: Naushad

गाए जा गीत मिलन के, तू अपने लगन के
सजन घर जाना है

काहे छलके नैनों की गगरी काहे बरसे जल
तुम बिन सूनी साजन की नगरी परदेसिया घर चल
प्यासे हैं दीप नयन के, तेरे दर्शन के
सजन घर ...

लुट न जाए जीवन का ढेरा मुझको है ये ग़म
हम अकेले, ये जग लुटेरा बिछड़ें न मिलके हम
बिगड़े नसीब न बनके ये दिन जीवन के
सजन घर ...

डोले नयना प्रीतम के द्वारे मिलने की ये धुन
बालम तेरा तुझको पुकारे याद आनेवाले सुन
साथी मिलेंगे बचपन के खिलेंगे फूल मन के
सजन घर ...

film: Ek Jaan Hain Ham singer: lyrics: Shahryar music:

याद तेरी आएगी, मुझको बड़ा सताएगी
ज़िद ये झूठी तेरी मेरी जान लेके जाएगी
याद तेरी ...

तेरा साथ छूटा टूटा दिल का खिलौना
कितना है मुश्क़िल दिल से यार को भुलाना
दिल का हमेशा से है दुश्मन ज़माना
ग़म ये है तूने मुझे न पहचाना, न पहचाना
याद तेरी ...

बुझ गया सूरज जले चाँद तारे
नज़रें धुंआँ हैं धुंआँ सारे नज़ारे
मुझे दिल लगाने की क्या तूने सज़ा दी
बिना सोचे समझे दिल की दुनिया जला दी
दुनिया जला दी
याद तेरी ...

हँस के सहूँगा सारे दुनिया के ये ग़म
मर भी गया तो होगा प्यार नहीं कम
छीन ले तुझे जो मुझसे किसमें है ये दम
तन से जुदा हैं तो क्या एक जान हैं हम, एक जान हैं हम
एक जान हैं हम, याद तेरी ...

film: Modern Girl singer: Mukesh, Suman Kalyanpur
lyrics: Gulshan Bawra music: Ravi

एक परदेसी से प्यार किया था
ऐसे जलाए दिल जैसे परवाना
प्यार से अपने ये नहीं होते
ये पत्थर हैं ये नहीं रोते
इनके लिये ना आँसू बहाना
ना ये बादल ना ये तारे
ये कागज़ के फूल हैं सारे
इन फूलों के बाग न लगाना
हमने यही एक बार किया था
एक परदेसी से प्यार किया था
रो रो के कहता है दिल ये दीवाना

film: Anokhi Raat singer: Mukesh
lyrics: Indeevar music: Roshan

ओह् रे ताल मिले नदी के जल में
नदी मिले सागर में
सागर मिले कौन से जल में
कोई जाने ना
ओह् रे ताल मिले नदी के जल में ...

अन्जाने होंठों पर ये (पहचाने गीत हैं - २)
कल तक जो बेगाने थे जनमों के मीत हैं
ओ मितवा रे ए ए ए कल तक ...
क्या होगा कौन से पल में
कोई जाने ना
ओह् रे ताल मिले नदी के जल में ...

सूरज को धरती तरसे (धरती को चंद्रमा - २)
पानी में सीप जैसे प्यासी हर आतमा
ओ मितवा रे ए ए ए ए पानी में ...
बूंद छुपी किस बादल में
कोई जाने ना
ओह् रे ताल मिले नदी के जल में ...

film: Aansoo Ban Gaye Phool singer: Kishore, Asha
lyrics: music: Laxmikant, Pyarelal

आ:
जाने कैसा है मेरा दीवाना
कभी अपना सा लगे, कभी बेगाना
कि:
बड़ी भोली हो, ये भी न जाना
कभी अपनों को नहीं कहते बेगाना

कि:
यूँ भी जीता था मगर कोई अरमान न थे
जब तलक आप मेरे दिल के मेहमान न थे
दिल के मेहमान न थे
तुमसे महका है मेरा वीराना, कभी अपनों को नहीं ...

आ:
मैं वो आज़ाद घटा तुमने जिसे बाँध लिया
अपनी आँखों में मुझे नया आकाश दिया
नया आकाश दिया
यही छोटा सा मेरा अफ़साना, कभी अपना सा लगे ...

कभी छेड़े है पवन कभी छेड़े हैं पिया
कि:
यही तो होगा सनम तुमने जब प्यार किया
तुमने जब प्यार किया
मेरे पास आओ छोड़ो शरमाना
कभी अपनों को नहीं ...

film: An Evening in Paris singer: Rafi
lyrics: Hasrat Jaipuri music: Shankar, Jaikishan

अजी ऐसा मौका फिर कहाँ मिलेगा
हमारे जैसा दिल कहाँ मिलेगा
आओ तुमको दिखलाता हूँ
पैरिस की एक रंगीं शाम, देखो देखो देखो देखो देखो
An Evening in Paris

देखो ये परियों की टोली, मीठी मीठी जिनकी बोली
क्या क्या रंग दिल पर जमाए
जलवों की ये आँख मिचौली
अजी ऐसा मौका ...

हाथों में हाथों को डाले, फिरते हैं आशिक़ निराले
ढूंढो यहाँ तुम भी साथी, मिल जाएंगे हुस्न वाले

film: Gaman singer: Suresh Wadkar
lyrics: Shahryar music: Jaidev

सीने में जलन आँखों में तूफ़ान सा क्यूँ है
इस शहर में हर शख़्स परेशान सा क्यूँ है

दिल है तो धड़कने का बहाना कोई ढूंढे
पत्थर की तरह बेहिस-ओ-बेजान सा क्यूँ है

तनहाई की ये कौन सी मंज़िल है रफ़ीक़ों
ता-हद्द-ए-नज़र एक बयाबान सा क्यूँ है

क्या कोई नई बात नज़र आती है हम में
आईना हमें देख के हैरान सा क्यूँ है

film: Yehudi singer: Mukesh
lyrics: Shahryar music: Shankar, Jaikishan

दिल से तुझको बेदिली है, मुझको है दिल का गुरूर
तू ये माने के न माने, लोग मानेंगे ज़ुरूर

ये मेरा दीवानापन है, या मुहब्बत का सुरूर
तू न पहचाने तो है ये, तेरी नज़रों का क़ुसूर
ये मेरा दीवानापन है ...

दिल को तेरी ही तमन्ना, दिल को है तुझसे ही प्यार
चाहे तू आए न आए, हम करेंगे इंतज़ार
ये मेरा दीवानापन है ...

ऐसे वीराने में इक दिन, घुट के मर जाएंगे हम
जितना जी चाहे पुकारो, फिर नहीं आएंगे हम
ये मेरा दीवानापन है ...

film: Kabulivala singer: Manna Day
lyrics: Prem Dhawan music: Salil Choudhary

ऐ मेरे प्यारे वतन, ऐ मेरे बिछड़े चमन
तुझ पे दिल क़ुरबान
तू ही मेरी आरज़ू, तू ही मेरी आबरू
तू ही मेरी जान

(तेरे दामन से जो आए उन हवाओं को सलाम
चूम लूँ मैं उस ज़ुबाँ को जिसपे आए तेरा नाम) - २
सबसे प्यारी सुबह तेरी
सबसे रंगीं तेरी शाम
तुझ पे दिल क़ुरबान ...

(माँ का दिल बनके कभी सीने से लग जाता है तू
और कभी नन्हीं सी बेटी बन के याद आता है तू) - २
जितना याद आता है मुझको
उतना तड़पाता है तू
तुझ पे दिल क़ुरबान ...

(छोड़ कर तेरी ज़मीं को दूर आ पहुंचे हैं हम
फिर भी है ये ही तमन्ना तेरे ज़र्रों की क़सम) - २
हम जहां पैदा हुए
उस जगह पे ही निकले दम
तुझ पे दिल क़ुरबान ...

film: Jab Jab Phool Khile singer: Rafi
lyrics: Anand Bakshi music: Kalyanji, Anandji

परदेसियों से ना अँखियां मिलाना
परदेसियों को है इक दिन जाना

आती है जब ये रुत मस्तानी
बनती है कोई न कोई कहानी
अब के बस देखे बने क्या फ़साना
सच ही कहा है पंछी इनको
रात को ठहरे तो उड़ जाएं दिन को
आज यहां कल वहां है ठिकाना
बागों में जब जब फूल खिलेंगे
तब तब ये हरजाई मिलेंगे
गुज़रेगा कैसे पतझड़ का ज़माना
ये बाबुल का देस छुड़ाएं
देस से ये परदेस बुलाएं
हाय सुनें ना ये कोई बहाना
हमने यही एक बार किया था